*प्रेस विज्ञप्ति*

# गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर कृषि विष्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का देष की रक्षा सेवाओं में चयन

पंतनगर। 20 अप्रैल 2025। 1यूके एयर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर के कैडेट्स, जो पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के प्रौद्य ोगिक महाविद्यालय के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं, ने देश की रक्षा सेवाओं में अधिकारी पद के लिए चयनित होकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

हल्द्वानी निवासी कार्तिक भगत जो पंतनगर से बी.टेक (IT) कर रहे है, ने AFCAT परीक्षा एवं साक्षात्कार उत्तीर्ण कर भारतीय वायु सेना के लिए चयनित होने के साथ–साथ भारतीय नौसेना में भी चयन प्राप्त किया है। वहीं खटीमा निवासी आयुष पंत जो कि पंतनगर में बी.टेक (ECE) के छात्र हैं ,उनके भी भारतीय नौसेना में अधिकारी पद के लिए चयनित किया गया है। दोनों विद्यार्थी जल्द ही रक्षा बलों में अधिकारी के रूप में शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कप्तान विवेक रावत एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना तथा एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (ANO) डा. अजीत प्रताप सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

***ई–मेल चित्र सं. 1 एवं 2: कार्तिक भगत (1), आयुष पंत (2)।***

**निदेशक संचार**